श्री राम का सेवक मां अंजनी का लाला

झूम झूम नाचे देखो बजरंग बाला,
श्री राम का सेवक मां अंजनी का लाला,
जिस ने रावण को डराया, सीता मां का पता लगाया,
जिसने लंका को चूर-चूर कर डाला,
झूम झूम नाचे देखो बजरंग बाला,
श्री राम का सेवक मां अंजनी का लाला.......

लगी लक्ष्मण को शक्ति महान देखो,
भर के हुंकार उड़ गए हनुमान देखो,
द्रोणागिरी पर्वत को काबू करने वाला,
श्री राम का सेवक मां अंजनी का लाला......

कहते हनुमत वो वस्तु है किस काम की,
जिसमें दिखती छवि ना मेरे राम की,
सारे मणके फेंक दिए हैं तोड़ी माला,
श्री राम का सेवक मां अंजनी का लाला......

विभीषण बोले आज सरेआम देखूं,
क्या तेरे मन में बसे मैं श्री राम देखूं,
सीना फाड़ दिखाया ना गड़बड़ घोटाला,
श्री राम का सेवक मां अंजनी का लाला......

ये बल बुद्धि के सागर तू नाम लिए जा,
खुश होंगे हनुमान राम राम किए जा,
इनकी कृपा से खुलता किस्मत का ताला,
श्री राम का सेवक मां अंजनी का लाला......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32874/title/shri-ram-ka-sewak-maa-anjani-ka-lala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |